# <u>शिखर सोसाइटी फॉर द वेलफेयर ऑफ़ मेंटली हैंडीकैप्ड कोटा</u>
## <u>वार्षिक प्रतिवेदन सत्र -2022-23</u>

संस्था वर्ष 2002 से मानसिक नि:शक्त व्यक्तियों के कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। संस्था द्वारा अब तक **1384** विशेष बालक-बालिकाओ का सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है,जिनमें से अब तक **338** बालकों को प्रवेश दिया जा चुका है एवम वर्तमान में **86** बालक-बालिकाएँ संस्था द्वारा संचालित शिखर स्पेशल स्कूल में निरंतर प्रशिक्षणरत है इन विशेष बालक-बालिकाओं को स्वयं की देखरेख का कौशल, व्यवहार सुधार, स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी, प्री.वोकेशनल/वोकेशनल प्रशिक्षण, व्यायाम, खेलकूद, नृत्य, योगा, ड्राइंग व क्राफ्ट,विशेष शिक्षा आदि तकनीको के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है,ताकि इन्हें समाज की मुख्यधारा मे जोड़ा जा सके। सभी विद्यार्थियों का नियमित रूप से त्रेमासिक मूल्यांकन कर राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान, सिकंदराबाद द्वारा निर्धारित नोर्म्स के अंतर्गत वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाता है। संस्था द्वारा संचालित शिखर स्पेशल स्कूल में भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली से पंजीकृत स्टाफ कार्यरत है।
संस्था के वर्ष 2022-23 के क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

1. वर्ष 2012-13 से संस्था द्वारा सामाजिक न्याय एवम आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की डीडीआरएस योजना के अंतर्गत स्पेशल स्कूल फॉर एम.आर.प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है। इसमे सत्र 2022-23 के दौरान उक्त प्रोजेक्ट के अंतर्गत 45 बालक-बालिकाएं लाभान्वित हुये। वर्ष भर राज्य सरकार के आदेशानुसार कक्षागत विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण,फिजियोथेरेपी,स्पीचथेरेपी,योगा आदि से लाभान्वित किया गया।




2.संस्था द्वारा स्थापना वर्ष से अब तक संचालित विभिन्न परियोजनाओं (डीडीआरएस,समर्थ,एस्पिरेशन,एस.एस.ए ब्रिज कोर्स,दिशा आदि ) में 49 व्यक्तियों को रोजगार दिया जा चुका है।
3. दिनांक 2 अप्रैल 2022 को शिखर स्पेशल स्कूल के दिव्यांग जनों द्वारा विश्व स्वलीन दिवस (World Autism Day ) राष्ट्रीय न्यास के निर्देशानुसार हर्षोल्लास से मनाया गया।




4.दिनांक 22 अप्रैल 2022 को संस्था द्वारा वार्षिकोत्सव 2022 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि डॉ.जयश्री सिंह सीनियर प्रोफेसर ओप्थोमोलोजिस्ट एम.बी.एस.चिकित्सालय कोटा एवं डॉ.विमल कुमार मीना सहायक आचार्य मनोचिकित्सक,श्री हुकुम चन्द गट्टानी विशिष्ट अतिथि रहे।




5. 1 जुलाई 2022 से शिखर स्पेशल स्कूल के विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएँ एवं विभिन्न गतिविधियां वर्ष के दौरान सफलतापूर्वक सम्पादित की गई।

 

6. 15 अगस्त 2022 को 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। झंडारोहण के पश्चात् सभी बच्चो ने पी.टी. प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात सभी बालक-बालिकाओं ने देश भक्ति के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों को गीतांजली पार्क का भ्रमण करवाया गया।
7. 5 सितम्बर 2022 को शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें संस्था प्रधान द्वारा समस्त स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया गया।
8. समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत माह अक्टूबर 2022 में विद्यालय के विशेष बालक-बालिकाओं की चित्रकला प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग कोटा द्वारा आयोजित दिव्यांगजन खेलकूद प्रतियोगिता में शिखर संस्था के 10 बालक-बालिकाओं ने दौड़ एवं सॉफ्ट बॉल थ्रो में भाग लिया। विजेताओं को जिला कलेक्टर श्री ओ.पी.बुनकर एवं उपनिदेशक श्री ओमप्रकाश तोषनीवाल द्वारा मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।






9. 14-10-2022 को सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग कोटा के प्रतिनिधि श्री परमानन्द कुमार द्वारा संस्था का निरीक्षण किया गया।

10 राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली की योजनान्तर्गत 0-10 वर्ष के मंदबुद्धि, सेरेब्रल-पाल्सी, ऑटिज्म, एवम बहुनि:शक्त बालक-बालिकाओ के लिए शिखर संस्था द्वारा 01-02-2016 से संचालित “दिशा” केंद्र में अब तक 68 बालक-बालिकाओं को Early Intervention, Behaviour Modification, Physio/Speech Therapy, Self Help Skill, Special Education आदि गतिविधियों से लाभान्वित से लाभान्वित किया गया। जिनमे से वर्तमान में 24 बालक-बालिकाएं दिशा केंद्र में प्रशिक्षणरत है।





11 04 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली की Board Member पूजा पटेल ने संस्था द्वारा राष्ट्रीय न्यास की योजना अंतर्गत संचालित दिशा केंद्र,निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना,क़ानूनी संरक्षता प्रमाण-पत्रों सम्बंधित कार्यो का निरीक्षण किया गया।

12 दिनांक 14 नवंबर 2022 को बालदिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब की सचिव चारू जैन द्वारा शिखर स्पेशल स्कूल में विशेष बच्चों को ड्राइंग वर्क बुक्स वितरित की गई।

13 3 दिसम्बर 2022 को संस्था में विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।



14 26 जनवरी 23 को 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। दिगम्बर जैन सोशल रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष शेलेन्द्र जैन द्वारा झंडारोहण किया गया। एवं उनके सदस्यों द्वारा बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की एकल व समूह नृत्य,कविता पाठ आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सराहा गया। इस अवसर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप द्वारा संस्था को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया।




15 26 जनवरी 23 को प्रतीक्षा चेरीटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट कोटा द्वारा "एक शाम देश के नाम" कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में सराहनीय सामाजिक कार्यो के लिए कोटा दक्षिण विधायक श्रीमान संदीप शर्मा व संभागीय आयुक्त श्री अनुराग भार्गव द्वारा संस्था प्रधान मीनाक्षी सक्सेना को केसरिया दुपट्टा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।




16 फरवरी 2023 में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की समावेशित शिक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित मेडिकल-कम-फंक्शनल असेसमेंट कैंप में शिखर संस्था के दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनवाये गए एवं उन्हें अंग उपकरण के लिए चिन्हित कराया गया।

17 21 मार्च 2023 को शिखर स्पेशल स्कूल में World Down Syndrome Day विशेष तौर पर डाउन सिंड्रोम बच्चों के प्रति समाज में जागरूकता हेतु राष्ट्रीय न्यास के निर्देशानुसार मनाया गया। इसके अंतर्गत बच्चो ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया।





18 25 मार्च 2023 को संस्था प्रधान द्वारा अपना जन्म दिन विशेष बच्चो के बीच मनाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को भोजन कराया गया एवं उपहार भेट किये गये।




19 31 मार्च 2023 को दातार अभिनव फिल्म्स क्रीएशन सांताक्रुज,मुंबई से प्राप्त टी-शर्ट्स का बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को वितरण किया गया।

20 2022-23 में राष्ट्रीय न्यास की योजना के अंतर्गत लोकल लेवल कमेटी के एनजीओ सदस्य के रूप में शिखर संस्था द्वारा 04 मानसिक नि:शक्त बालक-बालिकाओ के कानूनी संरक्षक नियुक्त किये गए,जिनके प्रमाण पत्रों का वितरण लोकल लेवल कमेटी की एनजीओ सदस्य संस्था प्रधान मीनाक्षी सक्सेना द्वारा किया गया।

 

21 वर्ष 2022-23 के दौरान राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली की योजनान्तर्गत 10 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के निरामया स्वास्थ्य बीमा के नवीनीकरण एवं 19 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के नवीन बीमा हेतु संस्था द्वारा पंजीकरण कराया गया।

22 सत्र 2022-23 में संस्था में लाभान्वित दिव्यांगजनों का मासिक टेस्ट एवं अर्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा लेकर सत्र के दौरान प्रगति रिपोर्ट तैयार कर माता-पिता को प्रगति से अवगत कराया गया।

23 सत्र 2022-23 में समय-समय पर पेरेंट्स मीटिंग के अंतर्गत माता- पिता / अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया।

24 सत्र 2022-23 के दौरान आये विभिन्न त्योहारों ईद, दीपावली, होली, दशहरा, रामनवमी, क्रिसमस, गुरुनानक जयंती, गणेश चतुर्थी आदि को मनाकर विद्यार्थियों को इनका महत्व समझाया गया।

25 वर्ष के दौरान राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली तथा सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समय-समय पर आयोजित वर्चुअल बैठकों एवं कार्यशालाओं में संस्था प्रधान द्वारा भाग लिया गया।